सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा:-7 **विषय:हिन्दी** **पाठ:2**

मौखिक

1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) हाथी से बचने के लिए राजा एक झोपड़ी में घुस गया।

(ख) राजा साहब को अंदर घुसते देखकर हाथी ने अपनी सूँड़ से ऊपर का छप्पर गिरा दिया, फिर उसे पैरों से रौंदकर चूर-चूर कर डाला।

(ग) 'मैंने ही मुरली के बाप को मारा है।' यह सोचकर मोती अपनी सूँड़ हिलाने लगा।

(घ) मुरली ने चिल्लाकर कहा, "डरो मत, मोती बिलकुल सीधा हो गया है, अब वह किसी से न बोलेगा।"

लिखित

2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) मिजाज गर्म होने पर मोती आपे में न रहता था। उस हालत में उसे किसी बात की सुध न रहती थी, महावत का दबाव भी न मानता था। एक बार इसी पागलपन में उसने अपने महावत को मार डाला।

(ख) जंगल के हाथियों ने मोती को नहीं अपनाया क्योंकि उन्हें लग रहा था कि मोती गुलाम है। उसने नमकहरामी की है। उसकी जगह जंगल में नहीं है।

(ग) राजा साहब को देखकर हाथी गरजता हुआ उनकी ओर दौड़ा। राजा साहब घबराकर भागे और एक झोंपड़ी में घुस गए। मोती ने राजा को अंदर घुसते देख लिया था। पहले तो उसने अपनी सूँड़ से ऊपर का छप्पर गिरा दिया। इसके बाद उसे पैरों से रौंदकर चूर-चूर कर डाला।

(घ) मोती को पकड़ने के लिए मुरली भी जंगल में आया। उसने देखा कि मोती सिर झुकाए उसी की ओर चला आ रहा है। उसकी चाल को देखकर मुरली समझ गया कि मोती का गुस्सा शांत हो चुका है। पास आने पर मुरली ने बड़े प्यार से पुचकारा, मोती आवाज पहचान गया। बालक पर उसे दया आ गई। मोती खुश होकर अपनी सूँड़ हिलाने लगा। इस प्रकार मुरली ने पागल हाथी को सुधारा।

(ङ) हाथी के स्वभाव में परिवर्तन देखकर राजा साहब को अचंभा हुआ क्योंकि पागल हाथी गाय की तरह सीधा हो गया था। उसने बड़े प्यार से मुरली को अपनी पीठ पर बिठाया था। वह किसी पर गुस्सा नहीं था। हाथी का गुस्सा मुरली के प्यार के कारण शांत हो चुका था।

3. **पाठांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर-**

(क) रास्ते में मोती ने राजा साहब को शिकारियों के साथ आते देखा।

(ख) मोती एक बड़ी चट्टान की आड़ में छिप गया।

(ग) अचानक मोती आड़ से निकला और गरजता हुआ राजा साहब की ओर दौड़ा

(घ) राजा साहब को झोपड़ी में घुसता देखकर मोती ने पहले तो झोपड़ी का छप्पर गिरा दिया और फिर उसे रौंद डाला।

(ङ) पर्यायवाची लिखिए-

राजा - नृप, भूपति हाथी - गज, कुंजर, हस्ती

4. सही विकल्प चुनकर (✓) का चिह्न बनाइए-

(क) महावत को मार डाला। (ख) सूखी टहनी